BSES
BSES Rajdhani Power Limited
a joint venture with GONCTD

SAMVAD

भारत में सबसे विश्वसनीय बिजली आपूर्ति के लिए बीआरपीएल सम्मानित

हाल में संपन्न हुए इंडिया स्मार्ट ग्रिड फोरम (आईएसजीएफ) स्मार्ट इनोवेशन अवॉर्ड्स में बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड (बीआरपीएल) को भारत में सबसे विश्वसनीय बिजली आपूर्ति के लिए डायमंड अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इसे बीआरपीएल सीईओ अमल सिन्हा ने ग्रहण किया।

आईएसजीएफ स्मार्ट युटिलिटि वीक 2020 के दौरान आयोजित इन अभिनव पुरस्कारों के चौथे संस्करण का निर्णय एक नामी व प्रमुख ज्यूरी द्वारा लिया गया। ये पुरस्कार स्मार्ट ग्रिड और स्मार्ट सिटी डोमेन्स में नवीन प्रयोगों व कार्यों को पहचान देते हैं।

बेहतरीन प्रदर्शन के लिए बीआरपीएल को सीबीआईपी अवॉर्ड

बीआरपीएल की उपलब्धियों में एक और अवॉर्ड शामिल हो गया है। कंपनी को प्रतिष्ठित सेंट्रल बोर्ड ऑफ इरिगेशन एंड पावर (सीबीआईपी) अवॉर्ड 2020 द्वारा, उसके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए, आउटस्टैंडिंग परफॉर्मिंग पावर डिस्ट्रिब्यूशन युटिलिटी के तौर पर सम्मानित किया गया है। वितरण सेक्टर में ग्रीन व स्मार्ट पहल को बढ़ावा देने के साथ–साथ औद्योगिक व समग्र आर्थिक विकास के लिए अपने उपभोक्ताओं को विश्वसनीय व गुणवत्तायुक्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कर देश के लिए बेहतरीन योगदान देने के लिए यह पुरस्कार दिया गया।

सुरक्षित रहें: गो डिजिटल!

COVID-19 के फैलाव को देखते हुए, सोशल डिस्टेंसिंग मेंटेन करें, भीड़-भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचें और सुरक्षित रहें। आप वेबसाइट, मोबाइल ऐप, चैट-बॉट, वॉट्सऐप, एसएमएस और कॉल सेंटर जैसे हमारे स्मार्ट डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से बीएसईएस की कई सेवाओं को लाभ घर बैठे उठा सकते हैं। #GoDigital

उपभोक्ताओं के बीच सेफ्टी को प्रोत्साहन देने के लिए बीआरपीएल व हैवल्स इंडिया की साझेदारी

बीआरपीएल और हैवल्स इंडिया ने एक एमओयू साइन किया है, जिसके तहत साउथ और वेस्ट दिल्ली में बीआरपीएल के 25 लाख उपभोक्ताओं के बीच सेफ्टी को प्रोत्साहन दिया जाएगा। इस पहल के तहत दो विशेष कार्यक्रम लॉन्च किए जाएंगे:

आकर्षक दरों पर ईएलसीबी/आरसीसीबी: बीआरपीएल उपभोक्ताओं को अत्याधुनिक तकनीक वाले उपकरण (आरसीसीबी/ईएलसीबी*) आकर्शक दरों पर उपलब्ध कराए जाएंगे। मानवीय सुरक्षा के लिए ये महत्वपूर्ण उपकरण हैं जो किसी परिसर में करंट के लीकेज (अर्थ लीकेज) को डिटेक्ट कर लेते हैं और वहां की बिजली आपूर्ति को स्वत: डिसकनेक्ट कर देते हैं और इस तरह गंभीर दुर्घटना को होने से पहले ही रोक देते हैं।

आरडब्लूए द्वारा नामित इलेक्ट्रिशियनों को ट्रेनिंग: नैशनल स्किल डेवलपमेंट काउंसिल (एनएसडीसी) द्वारा अप्रूव्ड एक अनोखा ट्रेनिंग प्रोग्राम लॉन्च किया जा रहा है, जिसके तहत 1000 आरडब्लूए नॉमिनेटेड इलेक्ट्रिशियंस और बीआरपीएल लाइनमेन को प्रशिक्षण दिया जाएगा। क्वॉलिफाइड इलेक्ट्रिशियन हैवल्स और एनएसडीसी द्वारा सर्टिफाइड होंगे और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना यानी पीएमकेवीवाई के तहत डीबीटी के माध्यम से 500 रूपये का अनुदान उन्हें दिया जाएगा। इसके अलावा, तीन साल की अवधि के लिए दो लाख रूपये का पर्सनल एक्सिडेंट इंश्योरेंस भी उन्हें दिया जाएगा, जिसमें मृत्यु और स्थायी विकलांगता कवर होंगे।

गर्मियों के लिए बीएसईएस पूरी तरह तैयार

इस साल गर्मियों में दिल्ली में बिजली की पीक डिमांड 7850 मेगावॉट होने का अनुमान है। पिछले साल, यह आंकड़ा 7400 मेगावॉट था, जो राष्ट्रीय राजधानी में बिजली की अब तक की सर्वाधिक मांग थी। बीएसईएस ने बिजली की मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त इंतजाम किए हैं। इन इंतजामों में लंबी अवधि के पावर परचेज अग्रीमेंट्स के अलावा दूसरे राज्यों से पावर बैंकिंग व्यवस्था भी शामिल है।



मोबाइल ऐप और वॉट्सऐप नंबरों जैसे सुविधाजनक माध्यमों से बिजली गुल की शिकायत दर्ज कराएं

Available on the App Store
Available on the Android Market

टॉल फ्री 24x7
19123

वॉट्सऐप
डुप्लिकेट बिल के लिए
(Type #Bill 9 digit CA No & send to 9999919123)

वॉट्सऐप
बिजली गुल की शिकायत करें
(Type #NC 9 digit CA No & send to 9999919123)

आपातकालीन (आग व झटका)
1800 10 39707

संवाद में एडवरटाइज के लिए brpl.bd@relianceada.com पर ईमेल करें अथवा 8375010861 पर कॉल करें | बीआरपीएल राजधानी पावर लिमिटेड संवाद में प्रकाशित एडवरटिजमेंट के लिए कानूनी रुप से जिम्मेवार नही है।